## खबर संक्षेप

### साइकिल पाकर खिल गए बच्चियों के चेहरे



**सतना।** रोटरी क्लब द्वारा सर्किट हाउस चौक क्लब भवन में जरूरतमंद बच्चियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। सचिव हरिओम गुप्ता ने विज्ञप्ति में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी अंतरराष्ट्रीय द्वारा रोटरी मंडल 3120 के सत्र 2023-24 के रोटरी मंडलाध्यक्ष रोटे.सुनील बंसल के नेतृत्व में जरूरतमंद कन्याओं को जो स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं,रोटरी अंतरराष्ट्रीय ग्रांट के तहत साइकिल वितरण किया किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत रोटरी क्लब सतना को चार साइकिलें प्रदान की गई हैं। सतना शहर में पढ़ाई कर रही जरूरतमंद चार बच्चियों को क्लब के पदाधिकारियों द्वारा चिन्हित कर उन्हें साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत दिलीप अरोरा ने एवं आभार मनोज अरोरा ने किया।मंच का संचालन हरिओम गुप्ता द्वारा किया गया।

**इन्हें साइकिल प्रदान की गई**

निकिता कुशवाहा,पुष्पा साकेत,ढसंजना रैकवार,दीपांशी कश्यप।इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव हरिओम गुप्ता,कोषाध्यक्ष मनोज अरोड़ा,कार्यक्रम के संयोजक शरद पांडे,पूर्व अध्यक्ष दिलीप अरोरा,मनोहर डिगवानी,कमल पुरुषवानी,लखन केसरवानी,विनोद गोयल,गोपाल धूत,राजीव वर्मा, चंद्रशेखर अग्रवाल,जितेंद्र अग्रवाल,डा सुनील अग्रवाल सहित काफी संख्या में रोटेरियन साथी एवं बच्चियों के अभिभावक उपस्थित थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मैहर जिले की नगर परिषद अमरपाटन में बावडी की सफाई की गई।

### एकेएस के पांच स्टूडेंट्स ने एनपीटीईएल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स किया पूर्ण

**सतना।** एकेएस के पांच मेधावी स्टूडेंट्स ने एनपीटीईएल एआई इन हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन कोर्स उत्तीर्ण किया। ये स्टूडेंट्स एकेएसयू के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के दीक्षा द्विवेदी,आंचल पांडे,आस्था तिवारी,कीर्ति द्विवेदी,मानसी दर्शन हैं। इन्होंने एआई इन हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन कोर्स उत्तीर्ण कर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है। स्टूडेंट्स ने बताया कि एनपीटीईएल का संक्षिप्त नाम नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहैंस्ड लर्निंग है,जो इंजीनियरिंग और विज्ञान में पाठ्यक्रम सामग्री बनाने के लिए सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी,कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आई आई एस सी) द्वारा की गई पहल है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ ही फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विभाग अध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन डॉ.कौशिक मुखर्जी तथा समस्त संकाय सदस्यों ने स्टूडेंट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का श्रेय एकेएस यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्राध्यापको और अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सड़क पर घूम थे कलेक्टर व एसपी, अमल कुछ नहीं



### स्टेशन रोड, अस्पताल चौक, रीवा रोड और कोठी रोड का आज भी बेलगाम है यातायात

हरिभूमि न्यूज, सतना।

सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जाने की चिंता समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारी करते रहते हैं।इसके लिए यातायात समिति की बैठक भी होती है जिसमें बड़े और कठोर निर्णय भी लिए जाते हैं। निर्णय लेने के बाद मैदानी अमला उस पर कितना काम करता है यह किसी से छुपा नहीं है। बहरहाल व्यवस्था सुधारने में सरकारी अधिकारी कर्मचारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं लेकिन हालात बद से बद्तर क्यों होते जा रहे हैं यह चिंता का विषय है। इसी महीने पिछले दिनों कलेक्टर सतीश कुमार एस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शीवेश सिंह,एडीशनल कलेक्टर स्वप्निल वानखेड,नगर निगम के कमिश्नर शेर सिंह मीणा,सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सिलाडिया के अलावा प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों का निरीक्षण किया और यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्णय के साथ-साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश में दिए। अधिकारियों के नगर भ्रमण के बाद ऐसा महसूस किया जा रहा था कि जल्द ही शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे लेकिन जमीन पर कुछ काम होता नजर नहीं आ रहा है।

#### रीवा रोड की हालत जस की तस

सीताराम पेट्रोल टंकी से लेकर टाउन हॉल के सामने और सिमरिया चौक पर अव्यवस्थित यातायात नजर आता है। बस स्टैंड की स्थिति ठीक नहीं है। यहां पर बस स्टैंड के भीतर से लेकर बाहर मुख्य मार्ग तक सवारी वाहन खास तौर पर यात्री बसें जहां-तहां ट्रैफिक व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए खड़े नजर आते हैं। इस इलाके में सड़क पर बड़ी संख्या में ठेले लगे रहते हैं। जिसकी वजह से आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस इलाके में पुलिस की चौकी भी बनी हुई है लेकिन यातायात व्यवस्था को तोड़ने वालों को पुलिस की कोई भी ना तो चिंता रहती है ना ही उनमें डर है।

#### भरहुत नगर मोड़ सबसे खतरनाक

यातायात व्यवस्था सबसे ज्यादा भरहुत नगर मोड़ पर खराब है। यहां पर कब कौन सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाए कहा नहीं जा सकता। मोड पर पुलिस की चौकी भी मौजूद है लेकिन दुकानदारों की मनमानी की वजह से पुलिस भी उनके सामने हार गई है। सबसे ज्यादा जाम यहां पर जाना माना व्यापारिक संस्थान माहेश्वरी स्वीट्स के सामने लगता है। दुकान संचालक द्वारा वाहनों को ठीक से खड़ा करने के लिए कर्मचारी भी लगाए गए हैं लेकिन इस जगह पर व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।

#### कोठी मोड का भी भगवान ही मालिक

कोठी मोड में आज भी यातायात पूरी तरह से अव्यवस्थित है।सड़कों पर ठेले लगे रहने और वाहनों के बेतरतीब तरीके से खड़े होने के वजह से सड़क सकरी हो जाती है जिसकी वजह से आवागवन तंगहाल हो जाता है। अधिकारियों ने यहां पर भी दौरा किया था और व्यवस्था बनाने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया था लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

सब्जी मंडी बनी मयखाना,ठेले वाले सड़क पर

इस इलाके में सरकार की मनसा थी की सब्जी मंडी बनाकर जितने भी दुकानदार हैं उन्हें यहां पर दुकान लगाने की अनुमति दे दी जाए और ठेले भी इसी मंडी के भीतर लगे। लेकिन हालात यह है कि मंडी के भीतर दुकाने नहीं लगाते हैं। ज्यादातर दुकानदारों ने सड़क के किनारे सड़क पर ही दुकान लगा रखी है। मंडी के भीतर पूरी तरह से मयखाना बन चुका है। यहां पर 24 घंटे लोग नशा करते हुए देखे जाते हैं। दिन ढलने के बाद आधी रात के बाद भी यहां पर शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। दुकानदार कहते हैं कि शराबियों की वजह से मंडी में व्यवस्था खराब हो चुकी है।

#### नहीं सुधरी अस्पताल के सामने ट्रैफिक व्यवस्था

उल्लेखनीय बात यह है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समय-समय पर व्यापक स्तर पर प्रयास भी किए गए लेकिन नतीजा आज भी ढाक के तीन पात रहा है। सड़कों पर एंबुलेंस खड़ी रहती है जिसकी वजह से जाम लगता है। यहीं पर ठेले भी खड़े रहते हैं।पिछले दिनों कलेक्टर समेत तमाम अधिकारियों ने इलाके का दौरा किया था और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है। अस्पताल के सामने और अस्पताल चौराहे पर आज भी ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे है।

#### इंदिरा मार्केट को चौड़ा करना सपना ही रह गया

बता दें कि पिछले दिनों अधिकारियों ने जब बैठक की थी और शहर का भ्रमण किया था तो यह निर्णय लिया गया था कि स्टेशन रोड इंदिरा मार्केट को चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए सड़क की नाप जोक भी की गई थी लेकिन अधिकारियों ने सड़क चौड़ी करने का काम अभी तक शुरू नहीं किया है। आपको बता दें कि कोई एक दशक पहले तब के कलेक्टर संतोष मिश्रा और तब की पुलिस महा निरीक्षक पवन श्रीवास्तव ने इस सड़क को चौड़ा करने के लिए रात भर मशक्कत की थी। एक होटल का गेट भी तोड़ दिया गया था। लेकिन उसके बाद सड़क चौड़ी नहीं की गई। कोई दो दशक से यह भी कहा जा रहा था कि इंदिरा मार्केट की दुकान 10फीट पीछे की जाएगी। वह निर्णय भी हवा में उड़ गया। हाल ही में आदर्श मार्केट बनाने की भी बात हुई थी लेकिन सब कुछ टांय-टांय फिस नजर आ रहा है।

## महिला के चक्कर में युवक की पत्थर पटक कर हत्या आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** बदेरा थाना क्षेत्र के लटागांव में बीती रात एक युवक की पत्थर पटक कर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना का कारण एक महिला का होना बताया जाता है। जिसे लेकर दो लोगों के बीच विवाद चल रहा था। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 23 मई को रात्रि के समय 100 डायल को बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लटागांव में युवक की हत्या के संबंध में सूचना प्राप्त हुई।100 डायल के द्वारा थाना प्रभारी बदेरा को सूचना से अवगत कराया गया। जिस पर थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार तत्काल घटना स्थल रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर सूचनाकर्ता से संपर्क किया तो सूचना सही पाई गई। फरियादी फूलमती कोल पति रामनरेश कोल उम्र 45 वर्ष निवासी लटागांव थाना बदेरा ने बताया कि रात्रि करीब 10.30 बजे लड़का धनीराम कोल घर के बाहर लेटा हुआ था। थोड़ी देर में लडके के चिल्लाने की आवाज सुनकर फरियादी घर के बाहर आई तो देखाकि पडोसी सुशील कोल ने इसके लड़के धनीराम कोल के सिर में पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी है। फरियादी की रिपोर्ट पर मौके पर ही अपराध क्रमांक 0/25 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। एवं आरोपी सुशील कोल को जो कि गांव से बाहर भागने की फिराक में था हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसने बताया कि उसका मृतक के साथ एक महिला को लेकर आपसी विवाद था। जिसके चलते आरोपी ने मृतक के सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार,रामबालक अहिरवार,गंगादीन वर्मा भागचंद कुशराम,सुरेंद्र पाण्डेय,दिनेश पनिका शंभू,जितेंद्र गुर्जर आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ जय हिंद यात्रा

## आखिर सीज फायर का आदेश युद्ध में अमेरिका ने क्यों दिया?

हरिभूमि न्यूज, सतना।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ एवं जय हिंद यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं देश के वीर सपूतों के माल्यार्पण के पश्चात प्रारंभ हुई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर जिस तरीके से अपने युद्ध कौशल का परिचय दिया है उसे सलूट करते हुए भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को जय हिंद करते हैं व भारतीय सेना को धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने सवाल खड़ा किया कि आखिर सीज फायर का आदेश युद्ध में अमेरिका ने क्यों दिया। भारत सरकार ने इन सब मामलों में चुप्पी क्यों साध रखी है। श्री मिश्रा ने कहा कि आज भारत का संविधान खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान को बदलना चाहती है।श्री मिश्रा ने कहा देश एवं प्रदेश की सरकार संविधान पर लगातार हमले कर रही है। यह एक बड़ा चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता रामशंकर पयासी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कीमत में संविधान को बदलने नहीं देंगे चाहे सड़कों पर लड़ाई लडन्नी पडे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री प्रदीप समदडिय़ा,लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशवंत सिंह तिवारी,धनेश कुशवाहा, शिव शंकर गोटिया,पूर्व जनपद सदस्य उमेश शुक्ला,तरुणेन्द्र द्विवेदी,कैलाश द्विवेदी,पूर्व सरपंच ओम प्रकाश विश्वकर्मा,शशिकांत मिश्रा,कैलाश द्विवेदी,रजनीश द्विवेदी,विनोद शुक्ला,राठौर जमुनिया, मनोज पांडे, इंद्रजीत साकेत, सोनू साकेत, इंदल साकेत, शुभम शर्मा, उमेश साकेत,नारायण सिंह, बिन्नू विश्वकर्मा, रेखा सिंह पटेल, विद्या विश्वकर्मा, कीर्ति पटेल, अरविंद तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, मोहित पयासी, धर्मेंद्र तिवारी, सोमनाथ पटेल, इंद्रभान पांडे, रमाकांत पांडे, राम नारायण सिंह,भैया पयासी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




# केन्द्रीय जेल में आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज, सतना।



जेल अधीक्षक लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार सतना व केन्द्रीय जेल के संयुक्त तत्वाधान में आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम/शिविर के 5 दिवसीय सत्र का समापन हुआ।शिविर का आयोजन 20 मई से 24 मई तक आयोजित किया गया।आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम /शिविर के आखिरी दिवस में प्रतिदिन की तरह वैदिक मंत्रों द्वारा देव पूजन,महामंत्रों का जाप,गायत्री चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा बताया गया कि हमें भाग्य के भरोसे न बैठकर कर्म करते रहना चाहिए ताकि हमारा समय व्यर्थ न गुजरे। इसलिए हम स्वाध्याय मन को नियंत्रित करें क्योंकि मन बहुत ही चंचल होता है। उस परम पिता परमात्मा,जो सर्वोपरि न्यायकारी है। हमें उसकी उपासना व भजन करना चाहिए इसी में हमारे जीवन की सार्थकता है। श्रीराम व माता सीता की कथा द्वारा उनकी विरह-वेदना को बड़े ही अनूठे ढंग से व्यक्त किया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी श्रीराम के प्रति श्रद्धाभाव व साहस माता सीता द्वारा रखा गया। शांतिपाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा,जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी,जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरुद्ध कुमार तिवारी,सहायक जेल अधीक्षक सुश्री फिरोजा खातून व गायत्री परिवार सतना से जिला समन्वयक राजेश तिवारी, हरिओम पाण्डेय, एसएन पाण्डेय, आरएस नापित एवं बंदीगण उपस्थित रहे।



### विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

# अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

सतना।

भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहतसंभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी।अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज,कृषि में किए जा रहे नवाचार,प्राकृतिक खेती,फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई,सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक,राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी,प्रगतिशील किसान तथा कृषि,उद्यानिकी,पशुपालन,मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं।खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

सतना जिले में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारी पूर्ण की जा रही है। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के प्रदेश में क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए अटारी जबलपुर द्वारा 168 टीमें बनाई गई है। जिलेवार वैज्ञानिकों की टीम में सतना जिले के लिए 4 टीमें गठित की गई है। जिनमें कृषि विज्ञान केन्द्र के 8 कृषि एक्सपर्ट केबीके और 2 सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारियों को शामिल किया गया है। वैज्ञानिक दल प्रतिदिन 3 पंचायतों में कार्यक्रम करेंगे। जिसमें कम से कम 500-600 किसान सहभागिता करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## लाइट की आंख मिचौनी से लोग तंग



**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पिपरवाह ग्राम में कई दिनों से लाइट ना आने से ग्राम के लोग काफी परेशान हैं और गांव में रखे गई ट्रांसफार्मर भी जले पड़े हैं और ग्रामीणों द्वारा कई बार बिजली विभाग जा करके अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन अधिकारियों की इतनी मनमानी बढ़ चुकी है कि आए दिन कुछ सुनवाई नहीं हो रही है जोकि ग्रामीणों द्वारा आज बिजली ऑफिस जा करके ओ आइ सी को अवगत कराना चाहा लेकिन ग्रामीणों की एक भी नहीं सुनी गई गांव के लोगों ने बिजली विभाग के बाबू को आवेदन देकर वापस लौट आए

## थाना अमानगंज पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत अपहर्ता को दस्तयाब

**अमानगंज।** वर्तमान में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना, एसडीओपी महोदय गुनौर के दिशा निर्देशन-मार्गदर्शन थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहर्ता कु. पूनम साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 17 साल निवासी जसवंतपुरा को दस्तयाव किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। जो अपहर्ता के परिजनों में खुशी का माहौल है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री, सउनि सी.के. बागरी, प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम , आर. सतीश श्रीवास, द्वारका, मुनेन्द्र, विश्वास, लखन, मआर. रागिनी का सराहनीय योगदान रहा है।

## मिल रही जान से मारने की धमकी



**पवई।** पन्ना जिले की शाहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामपुर खजुरी से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक दलित किसान की जमीन पर दबंग ने जबरन कब्ज़ा कर खेत-तालाब बनवा लिया है। किसान का आरोप है कि जब उसने इस अवैध कब्जे का विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। जबकि मोके पर पहुचे पटवारी एवं आर आई द्वारा भी ज़मीन की निशान देहि की गई थी फिर भी दबंग मानने को तैयार नहीं हैं। किसान राजकुमार गाडारी ने बताया की राकेश मिश्रा द्वारा ज़मीन पर कब्ज़ा के साथ जान से मारने की धमकी दी हैं. जिसके भय से मे गांव से भी नहीँ निकल पा रहा हूँ। पीड़ति किसान ने अपनी फरियाद तहसील शाहनगर, पुलिस थाना शाहनगर और पन्ना कलेक्टर कार्यालय तक दस्तक दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ति का कहना है कि दबंगों की पहुंच इतनी मजबूत है कि प्रशासन भी उनके खिलाफ कोई कदम उठाने से कतरा रहा है। इस मामले को लेकर को लेकर किसान के परिवार मे भय व्याप्त है, और सवाल यह उठ रहा है कि आखिर आम नागरिक को न्याय दिलाने में प्रशासन क्यों विफल हो रहा है? पीड़ति किसान ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि उसकी जमीन को खाली कराया जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

### इनका कहना है-

मैंने हर जगह शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है। मैं सरकार से न्याय चाहता हूँ।

**राजकुमार गाड़ारी निवासी रामपुर खजुरी**

### केन नदी में रेत का उत्खनन मशीनों से नीचे की गहराई तक होने से जल स्तर सतत नीचे पहुंच रहा, केन किनारे के गांवों में दिखने लगा असर

# प्राचीन समय के कुओं में अब पानी के लिए ग्रामीण होने लगे मोहताज

रेत माफियाओं के सामने जहां नियमों की अनदेखी तो सतत सामने है। परिणाम केन नदी के किनारे बसे गांवों को भोगना पड़ रहा है। मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन केन नदी में गहराई से किये जाने को लेकर जल स्तर सतत जा रहा नीचे। केन नदी के किनारे बसे गांवों में प्राचीन समय के कुओं में भी पानी का संकट अब गांवों में।




**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

हालात आम आदमी के जीवन से जुड़ी हुई सबसे बड़ी समस्या कहें या जरूरत वहीं संवेदनशीलता किस तरह से रेत माफियाओं के सामने कानून का पालन कराये जाने को लेकर नतमस्तक है। जिसके चलते हालात अब ग्रामीणों को पेयजल संकट को लेकर भुगतना पड़ रहा है। केन नदी में रेत के कारोबारियों के द्वारा सतत मशीनों से रेत को निकाले जाने की दास्ता गहराई का कोई मापदण्ड नहीं। जिसके चलते जल स्तर सतत नीचे जा रहा है। हालात गांवों में पेयजल संकट के निर्मित होने के बनने लगे है। केन नदी के किनारे बसे गांवों में वह दिन दूर नहीं जब जल स्तर नीचे जाने से सभी जगह जल की समस्या जो जानी जायेगी। फिलहाल वर्तमान समय में अगर इस पर नजर डाली जाये तो केन नदी के बसे किनारे के गांवों में प्राचीन समय के कुओं से ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। जिन कुओं का पानी कभी कम नहीं होता था उन कुओं में अब पानी घटने लगा। पानी का संकट सामने आने लगा। उदाहरण को लेकर केन नदी के किनारे बसे गांव फरस्वाहा की दास्ता देखते ही बनती है प्राचीन समय के कुओ में जहां कभी जल घटने के हालात नहीं बनते थे दैनिक उपयोग को लेकर पानी की जरूरत उस कुओं से पूरी होती थी। आज कुछ समय के लिए यह पानी जरूर मिलता है फिर इंतजार करने के हालात बनते है। पानी घटने लगा इसका परिणाम सीधेतौर पर गांव के किनारे केन नदी में रेत का कारोबार जो सतत मशीनों से नीचे की गहराई तक से रेत निकालने का किया जा रहा है जिसके चलते जल स्तर नीचे पहुंचता है। और परिणाम के रूप में कुओं में भी जल स्तर नीचे पहुंचने के कारण अब पानी के संकट की दास्ता निर्मित होने लगती है। क्योंकि केन नदी के जल स्तर से ही कुओं का भविष्य पानी की आपूर्ति को लेकर माना जाता है। निश्चितौर पर एक तरफ सरकार की प्राथमिकता की योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की जरूरत को ध्यान में रखकर कार्य किये जा रहे है वहीं समूचे केन नदी में किस तरह से रेत के माफियाओं के द्वारा मशीनों का उपयोग करके नियमों की धज्जिया उडाते है। गहराई तक से रेत निकालने का जो ताण्डव किया जा रहा है उस पर जिम्मेदार बेखबर बने हुए है। कहीं न कहीं सफेद पोसधारियों व प्रशासन की मजबूरी आखिर आम जनता को क्यों भोगना पड़ रही हैं एक तरफ तो सेवक का खेल खेला जाता है दूसरे तरफ संकट के हालात पैदा किये जा रहे है। आखिर वह दिन दूर नहीं होगें जब केन का पानी ही कितने नीचे पहुंच जायेगा जिससे सभी केन नदी के बसे गांवों जो किनारे में है उन पर पानी की समस्या जानी जायेगी। जहां प्रशासन चाह कर भी पानी की जरूरत पूरी नहीं कर पायेगा। क्योंकि जल स्तर सतत नीचे जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा कारण रेत को लेकर मशीनों से जो केन नदी की गहराई से रेत निकालने का माना जा रहा है। आखिरकार क्या मापदण्ड है कितनी गहराई से रेत निकाली जा रही है। माफियाओं को क्या खुली छूट है यह तो जिम्मदार ही बताये। गांवों की परवाह क्या पानी को लेकर भी नहीं की जायेगी। यही तो आने वाला वक्त ही बतायेगा। प्रशासन कितना और कब तक इसी हालात को बनाये रखेगा। जब तक हालात पानी की त्राह-त्राह के नहीं होगें सायद याद नहीं आयेगा आम आदमी जब इस संकट से जूझने लगेगा तभी सभी की नींद खुलेगी।

### इंदिरा कॉलोनी में क्षेत्रीय विधायक ने किया मुक्तिधाम निर्माण का भूमि पूजन

## राज्य सरकार निर्माण और विकास कार्य में आगे: विधायक गन्नौर



**अमानगंज- पन्ना**

जिले के अमानगंज नगर में आज वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा कॉलोनी में मुक्ति धाम के निर्माण और विकास कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश जी वर्मा ने नगर निकाय अमानगंज की विशेष अपील पर किया इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में किया क्षेत्रीय विधायक ने भारत माता और सरस्वती माता की पूजा अर्चना करने के साथ ही जमीन पर दो गेती चलाकर निर्माण और विकास कार्य की शुरुआत की नगर निकाय की ओर से उपस्थित अतिथियों का सम्मान माल अर्पण के साथ किया गया आयोजन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश जी वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव जी निर्माण और विकास कार्य में लगातार प्रगति कर रहे हैं यह निर्माण और विकास कार्य मुक्ति धाम का निर्माण 50 लाख रुपए की लागत से सुरक्षित हुआ है जिसमें नगर के विभिन्न वार्डों की जनता को यहां लाभ होगा मुक्तिधाम के चारों ओर बाउंड्री का निर्माण भी होगा देश के ताजा हालात पर आपने अपनी चर्चा रखते हुए कहा कि देश में आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया मोदी जी करेंगे हमारे देश की सेना मजबूत नेतृत्व के मौके पर थी जो आज उसे मिला है इसके पहले भी देश में कई बार आतंकवादियों ने अपना दुश साहस किया। परंतु इतना भयंकर जवाब ना तो आतंकवादियों को अब तक मिला था और ना ही हमारे विपक्षी देश को जो हमेशा भारत देश के लिए कोई ना कोई षड्यंत्र रचता था 16 साल मैं यह पहला अवसर है जब भारत देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकियों को टिकाने लगाया पाकिस्तान के होश पूरी तरह से उड गए विपक्षी देश को धीरे-धीरे हर क्षेत्र से मोदी जी कमजोर कर रहे हैं जिसमें पानी का सबसे बड़ा उदाहरण सारे देश के सामने हैं यदि जल्दी पाकिस्तान अपनी भूल और अपनी गलती नहीं मानता तो भयंकर परेशानी की ओर वह खुद जा रहा है कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता जय प्रकाश जी चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी श्रीकांत त्रिपाठी आदि आदी ने संबोधित किया कार्यक्रम के अंत में नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया आयोजन में स्थानीय राम मिलन तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पार्षद नगर निकाय कर्मचारी भाजपा संगठन के नेता आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जी अवस्थी द्वारा किया गया।

## मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन पन्ना जिला अधिवेशन 26 मई का संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक सेवा पर होगा विशेष फोकस

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की पन्ना जिला इकाई का अधिवेशन आगामी 26 मई 2025, सोमवार को होटल मोहन राजबिलाश में सायं 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण बैठक संगठन की गतिविधियों की समीक्षा और आगामी योजनाओं को सुदृढ़ दिशा देने के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक में तहसील स्तरीय इकाइयों की मजबूती, सदस्यता अभियान के विस्तार, तथा प्रस्तावित तहसील सम्मेलनों की रूपरेखा जैसे विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया है कि आजीवन सदस्यता शुल्क पूर्ववत रहेगा कृ पुरुषों हेतु 1100 एवं महिलाओं हेतु 500, तथा यह अभियान 30 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। सभी तहसील अध्यक्षों से उनकी कार्यकारिणी सहित महिला और युवा इकाइयों की अद्यतन सूची (मोबाइल नंबर सहित) प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है, जिससे संगठनात्मक संरचना को और अधिक



प्रभावशाली बनाया जा सके। जिला अध्यक्ष मनोज केशरवानी ने बैठक की महत्ता रेखांकित करते हुए कहा, "संगठन का उद्देश्य केवल पद और बैठकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के प्रति सजग और संवेदनशील उत्तरदायित्व निभाना समय की मांग है।" उन्होंने आगे कहा कि "गर्मी के इस कठिन काल में असहाय जनों, पशु-पक्षियों हेतु पेयजल की व्यवस्था करना, तथा स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों की ओर जागरूकता लाना वैश्य समाज का नैतिक दायित्व है।" उन्होंने वैश्य महासम्मेलन को सामाजिक संगठन से अधिक एक वैचारिक आंदोलन बताते हुए युवाओं में नेतृत्व, महिलाओं में भागीदारी और समाज में संवेदना के विस्तार को इसकी पहचान बताया। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि वे सदस्यता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें और संगठन को गांव, नगर, तहसील स्तर तक सशक्त बनाएं। जिला महामंत्री विनोद गुप्ता ने भी सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं से बैठक में समय पर पहुंचने और सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा, "यह बैठक केवल कार्यसूची नहीं, बल्कि संगठन के आत्मबोध और सामाजिक संकल्प को सुदृढ़ करने का अवसर है कृ सभी का सहभागी बनना अत्यावश्यक है।" बैठक में जिला कार्यकारिणी, महिला इकाई, युवा इकाई तथा समस्त तहसील अध्यक्षों और उनके कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। आयोजन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सेवा को नई दिशा देने वाले कदम के रूप में भी मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।

## रैपुरा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को रेलवे स्टेशन सलैया जिला कटनी से सकुशल किया दस्तयाब



### अपहृत बालिका को सकुशल वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पुलिस टीम को दिया धन्यवाद

**अमानगंज- पन्ना**

रैपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत दिनांक 24.05.25 को एक नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही पन्ना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए अपहरण का अपराध क्रमांक 113/24 कायम कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। अपहृत बालिका की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया, जिस पर अपहृता दस्तयाबी मे थाना रैपुरा पुलिस टीम एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्यवाही सराहनीय रही। उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार अपहृत की दस्तयाबी हेतु सतत प्रयास किए गए साथ हि आस-पास के जिलो मे अपहृत नाबालिग बालिका के सम्बंध मे जानकारी प्रसारित की गई एवं संभावित स्थानो मे जाकर अपहृता के बारे तलाश-पतारसी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप प्राप्त मुखविर सूचना के आधार पर पुलिस टीम जिला कटनी के रीठी क्षेत्र में सलैया रेलवे स्टेशन पहुंची और अपहृत बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। बालिका को दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका की सकुशल वापसी पर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने पन्ना पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

# 16 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी अमानगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा



**अमानगंज।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा, आर्म्स विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विJ कार्यवाही किये जाने हेतु विशेष अभियान तहत दिनांक-24.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर एक ब्यक्ति कमताना मे मारूती सुजूकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच 35 ब 1513 लिखा है शराब की पेटियां लाद रहा है जो कार कमताना से जे.के. सीमेन्ट कपंनी पुरैना तरफ जायेगी। जिसे देवरा ककरा रोड मे पुलिया के पास कार क्रमांक डच 35 ब 1513 के चालक द्वारा अपनी कार को तेजगति से चलाकर कार को स्टापर से टकराते हुये रोड किनारे लगे मील के पत्थर से टकरा दिया जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक कार से निकल कर गिरते उठते भागने लगा जिसे हमराही स्टाफ की मदद से घेरावंदी कर पकडा व हिरासत मे लेकर नाम पता पूछां जिसने अपना नाम भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना का होना बताया जिसकी जामा तलाशी ली गई जो अपने पैन्ट की जेंब मे एक की पैड मोबाइल एवं 1350 रूपये लिये मिला। संदेही भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा के कार की तलाशी समक्ष गवाहान लिया जो कार के बीच वाली सीट एंव डिग्गी मे खाकी रंग के कार्टून की 16 पेटियां रखी मिली जो पेटियो में देशी मदिरा प्लेन प्रिन्स लेमन शराब के 50-50 क्वाटर, कुल 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब रखी पाई गई । संदेही रिकू राजा पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामील कर शराब रखने के संबध मे वैद्य लाइसेंस /दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया कोई लाइसेंस /दस्तावेज न होना लिखि तमे बताया । आरोपी भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना थाना अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.) का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के दण्डनीय पाये जाने से आरोपी की कार से प्राप्त पेटियो मे रखे 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब (144 लीटर) कीमती 80000 रूपये , एक मोटोरोला कंपनी का की पैड मोबाइल फोन कीमती 1000 रूपये , 1350 रूपये नगद ,एक अदद पुरानी इस्तेमाली मारूती सुजुकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच-35 ब 1513 लेख है कीमती 300000 रूपये मय चाभी के समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जे पुलिस ली गई है । मौके पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी भरत प्रताप सिंह उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 40 साल निवासी कमताना को गिरफ्तार किया जाकर वक्त वापसी पर आरोपी के विJ अप.क्र. 333/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी उक्त की एमएलसी कराई जाकर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है ।

**जप्त सामग्रीः-** 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब (144 लीटर) कीमती 80000 रूपये , एक मोटोरोला कंपनी का की पैड मोबाइल फोन कीमती 1000 रूपये , 1350 रूपये नगद ,एक अदद पुरानी इस्तेमाली मारूती सुजुकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच-35 ब 1513 लेख है कीमती 300000

**गिरफ्तार आरोपीः-** भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना थाना अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदानः-** निरी. माधवी अग्निहोत्री, सउनि शिवराम नायक, प्रआर. राजीव मिश्रा, मुकेश सोनी, शिवम शर्मा, सलीम, आर. मेहरवान द्वारका प्रसाद, विश्वास शुक्ला, तुलसीदास, सतीश श्रीवास, मुनेन्द्र म.आर. रागिनी, हेमा एवं साईवर सेल से धमेन्द्र एवं आशीष का सराहनीय योगदान रहा है।

## पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी जी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु



**पन्ना।** बिरवाही रोड देवेंद्रनगर में पूर्व गुनौर विधायक शिवदयाल बागरी जी के निज निवास चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार की शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा व्यास जी ने ज्योतिषाचार्य पंडित श्री गणपति जी महाराज कोटर वाले महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक जगन्नाथ प्रसाद ने आरती व पूजा पाठ किया।

# उलाहना देने पर किसान और बेटी के साथ हुई मारपीट

### बेटियों को साथ लेकर एसपी के पास पहुंचा पीड़ित किसान



**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंधियारीबारी में आम तोड़ने को लेकर उपजे विवाद के बाद दबंगों ने किसान और उसकी दो बेटियों के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मामूली धाराओं में कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की, क्योंकि आरोपी धमकियां दे रहे हैं।

पीड़ित किसान राजा भैया श्रीवास ने बताया कि 18 मई को गांव का राशु पांडेय और लक्ष्मी यादव, उसके आम के पेड़ से फल तोड़ रहे थे। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी नाराज हो गए। राजा भैया के मुताबिक उसने दोनों के घर जाकर उलाहना दिया था, जिसके बाद राशु पांडेय, लक्ष्मी यादव और उनके 8-10 साथियों ने राजा भैया के घर में घुसकर उनसे, उनकी बेटी पान कुमारी और संजो श्रीवास के साथ मारपीट की। मारपीट में परिवार को गंभीर चोटें आईं। पीड़ितों ने लवकुशनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने केवल मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं पान कुमारी ने बताया कि आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कठोर धाराओं में मामला दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गई महिला की जान, पुलिस कर रही जांच



**बिजावर।** नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि 23 वर्षीय उर्मिला मूल रूप से ईसानगर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी, और उसका विवाह बिजावर के वार्ड नंबर 05 में जटाशंकर चौराहा के पास रहने वाले दीपक के साथ हुआ था। परिवार के लोगों का दावा है कि बीती शाम करीब 7 बजे उर्मिला ने अपने घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं उर्मिला के मायके वालों का कहना है कि दीपक शराब पीकर अक्सर उससे विवाद करता था, जिस कारण से उन्हें आत्महत्या की बात पर संदेह है। मृत उर्मिला की चार माह की बेटी भी है, जिसके सिर से मां का साया उठ गया है। फिलहाल बिजावर पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौका मुआयना करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## डीजे वाहन और घोड़ा बग्गी की टक्कर

# पांच लोग और घोड़ा घायल, जिला अस्पताल रेफर



**छतरपुर** जिले के भगवां थाना क्षेत्र में बड़ामलहरा-घुवारा मार्ग पर फुटवारी गांव के पास डीजे वाहन और घोड़ा बग्गी की भिड़ंत में पांच लोगों के साथ एक घोड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

बताया गया है कि हादसा शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे हुआ, जब बड़ामलहरा की ओर से आ रहा डीजे वाहन और भगवां की ओर जा रही घोड़ा बग्गी आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद बग्गी पलट गई। भगवां थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को बड़ामलहरा सिविल अस्पताल भेजा, जहां से गंभीर हालत के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बग्गी संचालक रजपाल यादव निवासी बंदेल खेरा ने बताया कि हादसे में पांच लोग, जिनमें तीन नाबालिग और दो अन्य शामिल हैं, घायल हुए। इसके साथ ही बग्गी को घोड़ा भी गंभीर रूप से चोटिल हुआ। डीजे वाहन भगवां निवासी पप्पू राय का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, रात के अंधेरे के कारण यह हादसा हुआ। क्षतिग्रस्त डीजे वाहन को भगवां थाना परिसर में पुलिस सुरक्षा में रखा गया है।



## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सरानी गांव में एक युवक ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन उसे जगाने गए तो कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला। सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय देवीदीन उर्फ अईया पुत्र राजाराम यादव, ने अज्ञात कारणों से यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना किया और शव को कब्जे में लिया। शनिवार दोपहर 2 बजे जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# स्विमिंग पूल में डूबने से हुई 7 वर्षीय बच्चे की मौत

### बिना सुरक्षा इंतजामों के संचालित हो रहे पूल में हुआ हादसा



**छतरपुर** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में रेलवे पुल के पास बिना सुरक्षा इंतजामों के संचालित हो रहे एक स्विमिंग पूल में शनिवार को 7 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन, बच्चे को जिला अस्पताल लाए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के रहने वाले अजीत कुमार सिंह अपने 7 वर्षीय बेटे रिहांश कुमार सिंह के साथ स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। चूंकि पूल में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं, जिसके चलते नहाते समय रिहांश डूब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जानकारी मिलते ही बमीठा पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि अजीत कुमार सिंह का परिवार ग्राम गढ़ा के बागेश्वर धाम में रहकर, ढाबा संचालित करता है। घटना के बाद बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल बमीठा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**पुलिस प्रशासन ने स्विमिंग पूल को किया सील**

उक्त घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने स्विमिंग पूल को सील करने की कार्रवाई की है। बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय और तहसीलदार प्रतीक रजक ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाने के उपरांत स्विमिंग पूल को सील कर दिया।

# गिलहरी के टकराने से ट्रांसफार्मर ब्लास्ट



**छतरपुर** जिले शनिवार सुबह जिला कांग्रेस कार्यालय के पास डिस्ट्रीब्यूशन प्वाइंट (डीपी) पर एक गिलहरी, ट्रांसफार्मर से टकरा गई जिससे ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया और आग भड़क उठी। ब्लास्ट के साथ ही चिंगारियां उठीं और ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा, जिसकी चपेट में आकर गिलहरी भी मर गई। पास की किराना दुकान के संचालक अरुण चौरसिया ने विद्युत विभाग को सूचना दी।

# होटल की रसोई और गरीब के घर में लाखों का नुकसान

### एक दिन में चार स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाएं

**छतरपुर।** छतरपुर में शनिवार को आगजनी की चार अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। जिला मुख्यालय के दो स्थानों पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं हुईं। साथ ही पन्ना रोड पर के होटल रुद्राक्ष की किचन में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम हमा में एक कच्चा मकान आग की चपेट में आकर खाक हो गया है। घटनाओं में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई, लेकिन सौभाग्यवश कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी स्थानों पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई करते हुए आग बुझाई।

## वार्ड नंबर 12 में शॉर्ट सर्किट से आग

छतरपुर के वार्ड नंबर 12, बसारी दरवाजा क्षेत्र में डॉ. हिरदेश खरे के घर के पास केबल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शॉर्ट सर्किट के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## राशन हितग्राहियों के लिए 31 मई तक ई-केवायसी अनिवार्य

**छतरपुर।** जिला प्रशासन ने राशन हितग्राहियों को 31 मई 2025 तक ई-केवायसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा वे निःशुल्क राशन से वंचित हो जाएंगे। कम प्रगति वाले ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर विशेष कैम्प लगाकर ई-केवायसी कराने का अभियान शुरू किया गया है। हितग्राही मेरा ई-केवायसी ऐप के माध्यम से घर बैठे भी सत्यापन कर सकते हैं। जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3,30,064 परिवार (14,29,488 हितग्राही) पंजीकृत हैं, जिनमें से 85 प्रतिशत की ई-केवायसी पूरी हो चुकी है। शेष 2,14,623 (15 प्रतिशत) हितग्राहियों की केवायसी बाकी है। कैम्पों में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, नोडल अधिकारी और वार्ड प्रभारी सर्वे कर सत्यापन करा रहे हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, वृद्धजनों या बायोमैट्रिक सत्यापन में असमर्थ हितग्राहियों के लिए मेरा ई-केवायसी ऐप लॉन्च किया गया है, जिससे फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए सत्यापन संभव है। यह ऐप हितग्राही स्वयं या अन्य पात्र व्यक्तियों की केवायसी के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से तत्काल नजदीकी उचित मूल्य दुकान या ऐप के माध्यम से ई-केवायसी कराने की अपील की है।

# होटल रुद्राक्ष की किचन में भीषण आग



**छतरपुर।** पन्ना रोड पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के होटल रुद्राक्ष की किचन में शनिवार सुबह आग लग गई। आग और धुएं से होटल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किचन में करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ। सिविल लाइन थाने के एएसआई प्रमोद रोहित ने बताया कि आग का कारण शॉर्ट सर्किट या रसोई से हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है।

## हम गांव में कच्चा मकान जलकर राख

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम हमा गांव में पाना रजक के कच्चे मकान में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया, जिससे 10 बोरी गेहूं और गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। नुकसान करीब 1 लाख रुपये आंका गया है। पाना रजक ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ भी बचाने का मौका नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# स्व सहायता समूह से अभिलाषा ने पाई आत्मनिर्भरता



**छतरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की आत्मनिर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण की दृष्टि का परिणाम है कि छतरपुर जिले के लवकुशनगर के ग्राम अमहापुरवा की अभिलाषा पटेल ने स्व सहायता समूह के माध्यम से न केवल आर्थिक स्वतंत्रता हासिल की, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गईं। अटइयाबाबा स्व सहायता समूह से जुड़कर अभिलाषा ने टेंट हाउस का व्यवसाय शुरू किया, जो अब हर माह 15 से 20 हजार रुपये की आय दे रहा है। अभिलाषा पटेल मध्यमवर्गीय परिवार से हैं, जो पारंपरिक कृषि पर निर्भर था। कृषि से होने वाली आय परिवार के गुजारे के लिए पर्याप्त नहीं थी। अभिलाषा ने ठान लिया कि वह ऐसा काम करेंगी जो आसान हो और आय बढ़ाए। आजीविका मिशन के तहत अटइयाबाबा स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने वित्तीय सहायता और तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। समूह के माध्यम से 1.5 लाख रुपये का सीसीएल ऋण लेकर उन्होंने गांव में टेंट हाउस की दुकान खोली। यह व्यवसाय अब उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है। अभिलाषा ने शासन-प्रशासन की सहायता के लिए आभार जताया और कहा कि यह समर्थन उनकी सफलता का आधार बना। उनकी यह कहानी क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण बन गई है।

## बकस्वाहा में चरमराई शिक्षा व्यवस्था

### निराशाजनक रहा स्कूलों के परीक्षा परिणाम



**बकस्वाहा।** छतरपुर जिले के बकस्वाहा ब्लॉक में शासकीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था की बदहाली सामने आई है। ब्लॉक के 16 शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में करोड़ों रुपये के बजट और 250 शिक्षकों की तैनाती के बावजूद 2500 छात्रों के परीक्षा परिणाम अत्यंत निराशाजनक रहे। कई स्कूलों का परिणाम 20 प्रतिशत से भी कम रहा, जिसने शिक्षा तंत्र की गंभीर खामियों को उजागर किया है।

उल्लेखनीय है कि पीएमश्री कन्या उत्कृष्ट विद्यालय, बकस्वाहा का 12वीं कक्षा का परिणाम मात्र 17.54 प्रतिशत रहा, जबकि इस स्कूल में 40 से अधिक शिक्षक और कर्मचारी तैनात हैं। इस खराब प्रदर्शन ने न केवल छात्रों और अभिभावकों को निराश किया, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। विधायक रामसिया भारती ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अगर परिणाम इतने खराब हैं, तो यह शिक्षा व्यवस्था की विफलता है।

## मुस्कान अभियान के तहत 24 घंटे में 8 गुमशुदा बालक-बालिकाएं दस्तयाब



**छतरपुर।** पुलिस ने विशेष मुस्कान अभियान के तहत 24 घंटे में 8 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा। अभियान के 23 दिनों में कुल 73 बच्चों को विभिन्न राज्यों और जिलों से बरामद किया गया है। थाना बमीठा, जुझार नगर, गढ़ी मलहरा, लवकुश नगर, गौरिहार, और ओरछा रोड पुलिस ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, और पंजाब में तलाश कर यह उपलब्धि हासिल की। छतरपुर पुलिस परेशन मुस्कान और विशेष मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों, व्यक्तियों, और मानसिक रूप से अस्थिर लोगों को उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। 1 जनवरी 2025 से अब तक 210 से अधिक गुमशुदा बच्चों को बरामद किया गया है। विशेष मुस्कान अभियान के तहत 23 दिनों में 73 बच्चों को दस्तयाब किया गया। थाना बमीठा ने 2022 और 2023 में गुम हुई दो बालिकाओं को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, और पंजाब से बरामद किया। जुझार नगर पुलिस ने अप्रैल 2025 में गुम दो बालिकाओं को नोएडा से ढूंढा। गढ़ी मलहरा पुलिस ने 2022 में गुम एक बालिका को दिल्ली से बरामद किया। लवकुश नगर पुलिस ने 24 घंटे में, ओरछा रोड पुलिस ने दो दिन में, और गौरिहार पुलिस ने 2024 में गुम बच्चों को तलाश कर परिवारों को सौंपा। बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य स्थानों से सैकड़ों बच्चों को बरामद कर सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है।

# युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या

### शराब पार्टी के दौरान हुआ था विवाद



**बिजावर।** पिपट थाना क्षेत्र के पनागर गांव में शुक्रवार रात शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बताया गया है कि कुछ युवकों के बीच चल रही शराब पार्टी के दौरान विवाद हुआ, जिसके बाद एक युवक की उसके ही साथियों ने पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में पुरानी रंजिश के चलते हत्या किए जाने की भी चर्चा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पनागर निवासी 32 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र गौरीशंकर राजपूत अपने कुछ साथियों के साथ रात में शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि साथियों ने बीरेंद्र पर पत्थरों से हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पिपट और सटई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और बिजावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां बीएमओ डॉ. महेश त्रिवेदी ने पोस्टमार्टम किया। डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि सिर पर भारी वस्तु से चोट के कारण ब्रेन हेमरेज हुआ, जिससे मौत हुई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। गांव में ऐसी भी चर्चा है कि मृतक वीरेंद्र की गांव के कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी, संभवतः उसी के चलते हत्या की गई है।

# सिक्कल के एचार मैनेजर रंजीत सिंह को लड़ाई झगड़ा मारपीट करने की दी जा रही धमकी



**सिंगरौली।** ज्ञातव्य हो की रंजीत सिंह एक बेहद ईमानदार छवि के व्यक्ति है इनकी सूझ-बुझ से सिक्कल कंपनी निगाही अच्छा कार्य कर रही है इन्होंने निःस्वार्थ भाव से सिंगरौली के हजारों लोगो को रोजगार दिया है जो की अभी वर्तमान मे सिक्कल मे कार्यरत है सबसे ज्यादा विस्थापित और स्थानीय किसी आउटसोर्सिंग कंपनी मे है तो सिक्कल निगाही मे है! रंजीत सिंह जो की सिक्कल के एचार मैनेजर है उनको नौकरी के लिए कुछ गुंडे व नसेड़ी टाइप के लोग आये दिन परेशान करते है नौकरी न देने पर फर्जी केश मे फसाने की धमकी देते है तथा फर्जी रिपोर्ट कर दबाव बनाते है! सिंगरौली के कुछ दलाल जो गरीब युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ले लिए है वो लोग प्रतिदिन श्री सिंह को धमकी देकर दबाब बनाते है!श्री सिंह ने बताया की कई दलाल लोगो ने नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लिए है और मेरे ऊपर नौकरी देने के लिए अनायास दबाब बना रहे है श्री सिंह ने आगे बताया अभी नौकरी नही है जगह फूल हो गई है जितने मेन पावर की जरुरत थी उससे ज्यादा मेन पावर हमने रखा है लेकिन आए दिन कुछ दलाल लोगो के द्वारा कभी मुझे मोबाइल पर तो कभी कमरे पर आकर, कभी जीएम ऑफिस मे तो कभी कैम्प आकर धमकी दी जा रही है कि नौकरी दो नही तो तुम्हे मारेंगे, फर्जी केश मे फसा देंगे, यहाँ काम नही करने पाओगे!रंजीत सिंह ने पुलिस प्रशासन से माँग कि है उनको सुरक्षा प्रदान कि जाये!

# एनटीपीसी विंध्याचल ने "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जगाई स्वच्छता की अलख





**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। यह नाटक प्रमुख स्थलों जैसे सेमरा बाबा और बनौली चौक पर आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नाटकों के माध्यम से साफ-सफाई, स्वच्छ आदतें और सामुदायिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे सभी को निभाना चाहिए।यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक उत्तरदायित्व योजनाओं के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य गांवों में सतत और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

# बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति किया गया जागरूक



**सिंगरौली।** पुलिस और अमृता सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में "सृजन - किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम" का आयोजन निरंतर जारी है। यह कार्यक्रम 14 मई 2025 से प्रारंभ होकर किशोर-किशोरियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। एनटीपीसी के विवा क्लब में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत मार्शल आर्ट प्रशिक्षण, कानूनी व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज के विशेष सत्र में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने बच्चों को उनके अधिकारों, आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने बच्चों को "दशा से दिशा" बदलने की प्रेरणा दी और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को रोकने के उपायों पर चर्चा की। नीरज शर्मा ने बाल हिंसा की रोकथाम तथा उससे निपटने की विधियों पर बच्चों को जागरूक किया। परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत ने बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। पुलिस विभाग से शीतल यादव, उप निरीक्षक, ने महिला हिंसा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम बच्चों में आत्मरक्षा, आत्मबल, और सामाजिक समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सिंगरौली पुलिस और अमृता सेवा संस्थान समिति का यह प्रयास स्थानीय किशोरों को एक नई सोच और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन एक जून तक

**रीवा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में पॉलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों का प्रवेश शुरू हो गया है। पॉलिटेक्नि कालेज में संचालित इलेक्ट्रॉनिक एण्ड कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटीनेंस, सिविल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थी एक जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में च्वाइस फिलिंग 5 जून तक की जा सकती है। इसकी कॉमन मेरिट सूची 6 जून को तैयार होकर उपलब्ध होगी। इसमें शामिल विद्यार्थियों के कालेज में प्रवेश के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन 10 जून से 15 जून के बीच किया जाएगा। पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश के संबंध में अन्य जानकारियाँ और निर्देश वेबसाइट डीटीई डॉट एमपी ऑनलाइन डॉट जीओभी डॉट इन पर उपलब्ध है। कार्यालयीन समय में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज से भी प्रवेश के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक, अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**रीवा।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें।

# नदियों के संरक्षण से ही हमारी भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित

## जल गंगा संवर्धन अभियान में भेड़ौरा नदी की साफ सफाई में हजारों ने किया श्रमदान

रीवा

जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों की साफ सफाई और उनके उद्गम स्थालों में सुधार का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में भेड़ौरा नदी में जन अभियान परिषद द्वारा प्रशासन के सहयोग से साफ सफाई का अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर आयोजित जल संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि नदियों के संरक्षण से ही हमारी भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रहेगा। नदियाँ बहुत महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपादा हैं। नदियों पर लाखों जीव जन्तुओं और पौधों का जीवन निर्भर है। नदियाँ पानी के संचार, खेती और जल संसाधन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नदियों में पानी को साफ करने की नैसर्गिक क्षमता रहती है। पर्यावरण को संतुलित बनाने में भी नदियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस लिए हर छोटी-बड़ी नदी के उद्गम स्थल को साफ सुथरा और सुरक्षित बनाने एवं नदियों की पुर्नजीवित करने की आवश्यकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से हम सबको जल संरक्षण में सहयोग का अवसर दिया है। हर व्यक्ति पानी की बचत करें और पानी के सरक्षण तथा संवर्धन में योगदान दें।

जल संवाद कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पूरे जिले में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। पूराने जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार और सुधार के साथ-साथ नवीन संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। कुंओं तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाकर उनमें वर्षा जल को संचित करने का प्रयास किया जा रहा है। आम जनता भी जल संरक्षण में अच्छा योगदान दे रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान सबके सहयोग से ही सफल होगा। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप जन अभियान परिषद के द्वारा आमजनता के सहयोग से भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन का अभियान शुरू किया गया है। इस नदी की कुल लम्बाई 20 किलो मीटर है। इस नदी से 18 गांव के निवासियों को निस्तार के लिए पानी मिलता है। जल अभियान परिषद द्वारा नदी की महत्ता स्थापित करने के लिए जल गंगा यात्रा का आयोजन सभी 18 गांव में किया जा रहा है। कार्यक्रम में विरिष्ठ समाजसेवी योगेन्द्र शुक्ला, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह तथा विकासखण्ड समन्वयक सुषमा शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जल संवाद का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव तथा राजराखन पटेल ने किया। कार्यक्रम डॉ. जीएन श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, ब्राम्हाकुमारी संस्थान के बी.के. प्रकाश, सहायक यंत्री मनीषा मिश्रा, सरपंचगण, सचिव, रोजगार सहायक, नवांकुर संस्था तथा प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





# पुलिस अभिरक्षा के दौरान कैदी ने बनाई रील, वायरल होते ही मचा हड़कंप

रीवा

संजय गांधी अस्पताल में इलाज कराने आया हत्या का आरोपी वैभव ठाकुर पुलिस की मौजूदगी में रील बनाता दिखा। हथकड़ी लगे हाथ में मोबाइल पकड़े युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। बता दे घटना 3 मई की है। जहां केंद्रीय जेल रीवा में बंद हत्या का आरोपी वैभव ठाकुर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। जहां मौजूद किसी परिचित ने उसे मोबाइल थमा दिया।



इसी मोबाइल से आरोपी ने वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। वायरल वीडियो में वह एक हाथ में मोबाइल पकड़े दिख रहा है, जबकि दूसरा हाथ हथकड़ी में है। पास में उसका एक साथी और एक पुलिसकर्मी भी नजर आ रहा है। घटना ने जेल और पुलिस सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो के वायरल होते ही आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और मामले की जांच एएसपी आरती सिंह को सौंपी गई।बॉक्स 2018 में हुआ था गिरफ्तार, वैभव ठाकुर 2016 में टीआरएस कॉलेज में परीक्षा देने आए छात्र नितिन सिंह गहरवार की हत्या का आरोपी है। वारदात के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई थी। आरोपी को 2018 में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।बॉक्स जांच में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाईएसपी ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह पहली बार नहीं है जब पुलिस अभिरक्षा में इस तरह की लापरवाही सामने आई हो, लेकिन अब सवाल यह है कि कार्रवाई कितनी सख्त होगी और क्या सिस्टम में कोई ठोस सुधार होगा?

## छतरपुर से दिल्ली जाने वाली बसों में चल रहा टैक्स चोरी का खेल

**छतरपुर।** छतरपुर जिले से दिल्ली जाने वाली बसों के जरिए ट्रांसपोर्ट नगर में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का खेल चल रहा है, जिसकी भनक परिवहन और संबंधित विभागों को नहीं है। यह अवैध गतिविधि सरकारी राजस्व को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रही है और परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, बसों में केवल यात्रियों का सामान नहीं बल्कि व्यापारिक वस्तुएं भी भरकर दिल्ली भेजी जा रही हैं। इनमें खासतौर पर कबाड़ से निकली बेशकीमती धातुएं जैसे सिल्वर, पीतल और तांबा शामिल हैं। ये धातुएं बसों के लगेज डिब्बों के नीचे छिपाकर रखी जाती हैं और चुपचाप दिल्ली पहुंचा दी जाती हैं। हाल ही में कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने दो-चार दिन चैकिंग अभियान चलाया था, जिसके बाद कुछ समय के लिए यह गतिविधि धीमी हो गई थी लेकिन अब बस संचालकों ने फिर से उसी पुराने तरीके से धंधा शुरू कर दिया है। बस संचालक यात्रियों के सामान के नाम पर भारी मात्रा में माल लादते हैं और प्रति बैग, डिब्बा या बोरे के हिसाब से किराया भी तय किया गया है, जो अलग से वसूला जाता है। जानकारों का मानना है कि यदि इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जाए, तो एक बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। ट्रांसपोर्ट नगर में माल लोडिंग की व्यवस्था, नियमित चेकिंग की कमी और संबंधित अधिकारियों की अनदेखी ने इस टैक्स चोरी को बढ़ावा दिया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, बैकुंठपुर के पास हादसा

रीवा

**जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई। यह दुर्घटना तब हुई जब दोनों युवक रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि अचानक सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान सत्यम साकेत और मोहित साकेत के रूप में हुई है, जो कि आपस में मौसेरे भाई थे।**



दोनों युवक सिरमौर तहसील के खैरहन गांव से लौआ सगरा स्थित अपने ननिहाल जा रहे थे। हादसा देर रात लगभग तीन बजे के आसपास हुआ, जब बैकुंठपुर के पास अंधेरे में सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रैक्टर के नीचे जा फंसी और दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बैकुंठपुर थाना पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सत्यम और मोहित अपने ननिहाल में एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संजय गांधी अस्पताल में आईसीयू के पास आग, मची अफरा तफरी, एसी यूनिट से उठी चिंगारी ने ली आग का रूप, अग्निशामक यंत्र की मदद से पाया काबू

रीवा।

शहर के सबसे बड़े अस्पताल संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अस्पताल के दूसरे तल पर स्थित आईसीयू वार्ड के पास अचानक आग भड़क उठी। घटना दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। आग की लपटें भले ही ज्यादा नहीं फैलीं, लेकिन एसी यूनिट से उठे धुएं और चिंगारी ने पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के अनुसार, आईसीयू वार्ड के पास लगे एक एयर कंडीशनिंग चेंबर से अचानक चिंगारी निकलनी शुरू हुई, जिसके बाद देखते ही देखते धुआं पूरे गलियारे में फैल गया। मरीजों और परिजनों को स्थिति की गंभीरता का आभास होते ही अफरा-तफरी मच गई। कुछ मरीजों को अस्थायी रूप से दूसरे वार्डों में स्थानांतरित किया गया, जबकि वार्ड के बाहर सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल का पूरा स्टाफ हरकत में आ गया। सुरक्षा कर्मियों और अन्य कर्मचारियों ने बिना देर किए अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया। मौके पर दमकल विभाग को भी सूचित किया गया, हालांकि आग बुझा लिए जाने के कारण उन्हें स्थिति संभालने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस संबंध में अस्पताल के सीएमओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग एसी यूनिट में आई तकनीकी खराबी के कारण लगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए तकनीकी टीम को निर्देश दे दिए गए हैं। बॉक्स डीन व सीएमओ ने पहुंचकर ली घटना की जानकारीघटना की सूयना मिलने पर ग्रीन वा सुनील अग्रवाल सीएमओ डा. यत्नेश विपाठी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने बिजली उपकरणों को तत्काल हटाकर नए उपकरण लगाने के आदेश दिए ताकि दुबारा शार्ट सष्टि की स्थिति उत्पन्न नहीं।





# पिकअप और ऑटो बीच भिड़ंत, आधा दर्जन घायल गुढ़ थाना क्षेत्र के बरसैता के पास हुआ हादसा

रीवा



जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरसैंता के समीप ऑटो और पिकअप वाहन की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोगों को चोट पहुंची जिसमे दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हे एसजीएमएच से उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में घायल मयंक मिश्रा निवासी ग्राम बरसैता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह तकरीबन 6 बजे वह सवारी ऑटो में बैठकर अन्य यात्रियों के साथ रीवा आ रहा था। इसी दौरान बरसैता के समीप ऑटो के सामने आ रही पिकअप से जा टकराया जिससे आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक नशे सेवन किया था, जिससे वह काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था, आटो सवार उसे वाहन धीमे चलाने को बोल रहे थे और देखते ही देखते घटना हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा था, जहां उनका उपचार शुरू हुआ दो की हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हे जबलपुर लेकर गए है। गुढ़ पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बनवायेगा निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार निराश्रित बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनके आधार कार्ड बनाने का अभियान शुरू किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में रीवा जिले में निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए साथी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं।

इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश समीर कुमार मिश्र ने बताया कि अभियान की तैयारी के लिए गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निराश्रित बच्चों को आधार कार्ड बनाकर उन्हें वैधानिक दस्तावेज देने तथा समाज कल्याण योजनाओं का लाभ देने का निर्णय दिया गया है। आधार कार्ड बनाने के लिए साथी अभियान 26 मई से 5 अगस्त तक चलाया जायेगा। अभियान के दौरान 18 साल से कम आयु के निराश्रित बच्चों का चिन्हांकन करे उनके आधार कार्ड बनाये जायेंगे। इन बच्चों का चिन्हांकन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से किया जायेगा। इसके लिए मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर, झुग्गी बस्तियों तथा निराश्रित बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं में जाकर निराश्रित बच्चों का चिन्हांकन किया जायेगा। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया 27 जून से 5 अगस्त तक पूरी की जायेगी। अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पैनल लायर्स तथा पैरालीगल वालेंटियर्स को शामिल किया गया है। समिति साथी अभियान के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करेंगी।

# नईगढ़ी स्वास्थ्य केंद्र में महाविद्यालय के छात्रों को एक्सपोजर विजिट कराया गया

मऊगंज

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनीता मिश्रा के निर्देशानुसार आज 24/05/25 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में सीएमसी डीपी कार्यक्रम के बी एस डब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्रों का एक्सपोजर विजिट कराया गया ।इसके अंतर्गत पोषण पुनर्वास केंद्र के एफ ओ आशीष खरे ने कुपोषित बच्चों की भर्ती प्रक्रिया एवं कुपोषण के संबंध जानकारी दी नेत्र सहायक बी एल तिवारी ने नेत्रों से संबंधित बीमारियों एवं निराकरण की जानकारी दी । रामदरश गौतम कुष्ठ सहायक द्वारा कुष्ठ रोगों की जानकारी दी,अस्पताल से संबंधित सभी विभागों की जानकारियां प्रदान की गई, इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता, पवन कुमार शर्मा, रूद्र देव सिंह, राजरमन पटेल,आशीष शुक्ला, राजकुमार गौतम बी एस डब्ल्यू के छात्र राहुल गुप्ता ,क्रश कुशवाहा अमृत लाल पटेल, छात्रा रचना कुशवाहा, निशा कुशवाहा,अंजलि पटेल,रागनी सिंह और एम एस डब्ल्यू के छात्र प्रशांत मिश्रा,वेदांत द्विवेदी, आकाश तिवारी, विवेक गुप्ता, , छात्रा शिखा गौतम, प्रिया शर्मा,संयोगिता तिवारी, आरती त्रिपाठी, वीणापानी चतुर्वेदी, आरती पाण्डेय, अनुपमा सिंह,एक्सपोजर विजिट करने आई 12वी की छात्रा भी उपस्थित रही।



# वूमन फॉर ट्री अभियान अन्तर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण स्थल का भ्रमण किया गया

मऊगंज

जिले के नगर परिषद नईगढ़ी में भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एंव विकास विभाग के द्वारा चलाये जा रहे "अमृत मित्र" पहल अन्तर्गत पौधारोपण अभियान "वूमन फॉर ट्री" द्वारा के प्रथम चरण मे दिनांक 23 मई 2025 को नगर परिषद नईगढ़ी द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा पौधारोपण के 02 चयनित स्थल का भ्रमण किया गया। अभियान की शुरुआत के अवसर पर नगर परिषद नईगढ़ी की अध्यक्ष नागीता गुप्ता और सम्माननीय उपाध्यक्ष विभा शर्मा द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जनहित एवं पर्यावरण हित मे चलाई जा रही योजना के संबंध मे उदबोधन देते हुए बताया गया कि यह अभियान हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूहो के हाथ मे देकर नारी सशक्तिकरण का अद्वितीय संदेश दिया है। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओ को स्वावलम्बी एवं आर्थिक रूप से मजबुत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है । कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी द्वारा बताई गई ,कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में सफल समन्वय रावेंद्र पाण्डेय सीओ द्वारा किया गया ,इस अवसर पर परिषद क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी बृजेंद्र गुप्ता , समाजसेवी आर डी शर्मा , समाजसेवी एवं जनभागीदारी के सक्रिय सदस्य राज रमन एवं परिषद में कार्यरत लेखापाल सुरेंद्र सिंह , भूषण त्रिपाठी , उदय , राजेश पी.डी.एम.सी के फील्ड इंजीनियर अजय एवं नगर परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियो में उपस्थित नगर परिषद नईगढ़ी की अध्यक्ष नागीता गुप्ता और उपाध्यक्ष विभा शर्मा द्वारा शुरू किए गए वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओ को अमृत मित्र किट जिसमे पानी की बोतल ,बेग ,डायरी ,पेन सहित अमृत मित्र लोगो लगा हुआ अप्रोन वितरित किया गया ।

